Topic

Online & Distance Education for Equitable Social

प्रस्तावना :- ऑनलाइन और दूर से प्राप्त शिक्षा ने आज के समय में दुनिया में (विश्वभर में) शिक्षा के क्षेत्र में एक नया प्रकाश डाला है। डिजिटल तकनीक और इंटरनेट की अच्छी पहुंच ने शिक्षा को सामाजिक, आर्थिक और भौगोलिक सीमा रेखा से ऊपर ले जाकर इसे समान और बोधगम्य बना दिया है यह न केवल शिक्षा को बढ़ावा देता है, बल्कि समाज में समान और सामाजिक परिवर्तन का भी साधन प्रदान करता है।

तकनीकों का सही ढंग से उपयोग :- तकनीक ने शिक्षा को बहुत शक्तिशाली बना दिया है। परस्पर संवादात्मक, वर्चुअल क्लासरूम और इंटरनेट के द्वारा वीडियो सम्मेलन के साथ बातचीत करने की क्षमता देता है। और छात्रों को कठिन से कठिन विषयों को आसानी से समझने में मदद करता है। इसके अलावा इंटरनेट के जरिये बहुत सारे स्टडी कोर्स ने छात्रों को तकनीक सीखने का बहुत अच्छा अवसर प्रदान किया है।

जनतंत्रवादी बनने में योगदान:- ऑनलाइन और दूर से लेने वाली शिक्षा ने शिक्षा को प्रत्येक व्यक्ति के लिए समान बनाया है। इस दौर मे कोई व्यक्ति, चाहे वह किसी भी स्थान पर हो, बहुत अच्छे से शिक्षा को प्राप्त कर सकता है। इसके अलावा आर्थिक रूप से कमजोर बच्चो के लिए यह बहुत अच्छा विकल्प है। ऑनलाइन कॉलिजो ने हमें कम लागत में अच्छी शिक्षा प्रदान की है।

समाजवादी बनने में मदद:- ऑनलाइन और दूर से शिक्षा ने समाज में समानता मिलने वाला रास्ता दिया है। जिसने छात्रो और छात्र के लिए शिक्षा के अच्छे विकल्प दिये है। ऑनलाइन शिक्षा में हमें अच्छे और महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किये है। आज के समय में महिलाओ के लिए विशेष रूप से गाँवो में, अच्छी शिक्षा प्रदान की, हीमगंगा की तरह सींचा है। हर एकाएक छात्र को ऑनलाइन शिक्षा का लाभ लेना चाहिए। जैसे मैंने लिया है।

ऑनलाइन और दूर से शिक्षा लेने में चुनौतियाँ:-

① डिजिटल विभाजन:- गाँवो मे इंटरनेट की सुविधा में कमी होने के कारण डिजिटल पढ़ने लिखने की योग्यता की समस्या होती है।

② प्रोत्साहन में कमी:- ऑनलाइन शिक्षा में छात्रो में अनुशासन और प्रोत्साहन भी होना चाहिए। सभी छात्रो मे नही होती है।

③ टैक्नोलॉजी के क्षेत्र में शिक्षा की कमी:- प्रैक्टिकल आधारित विषयों में ऑनलाइन शिक्षा का प्रभाव बहुत कम है।

इन सभी समस्याओं का समाधान पाने के लिए डिजिटल शिक्षा क्षेत्र में बात करनी होगी ताकि अच्छा समाधान मिल सके।

ऑनलाइन शिक्षा समाज में परिवर्तन लाने का मुख्य स्त्रोत है:- ऑनलाइन और दूर से लेने वाली शिक्षा ने समाज में सीधा परिवर्तन किया है। यह न केवल छात्रों की कौशल को पहचानने और उनको विकास करने का अवसर देता है। बल्कि समाज के अलग-अलग विभागों में असमानताओं को कम करता है, और मार्ग- दर्शक बनता है।

ऑनलाइन शिक्षा ने कुशलताओं को अच्छी तकनीक को सीखने का अच्छा मार्गदर्शक है।

परिणाम:- ऑनलाइन और दूरस्थ शिक्षा ने छात्रों को अच्छी शिक्षा पाने के लिए बहुत अच्छा परिणाम दिया है। यह समाज के लिए स्वीकारात्मक और शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव, समानता,(अच्छि) कौशलता को बढ़ाता है। बड़े से बड़े काम को आसानी से परखकर करने वाली तकनीक प्रदान करता है। यह हमे और हमारे समाज को ऊँचाइयों पर ले जाने की क्षमता रखता है।

—SHIVANGI
MBA- IInd SEM
ROLL No- 2445104A46